बिहार सरकार

कार्यालय हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमराँव, बक्सर

पत्रांक..................

प्रेषक,

डॉ0मो0फातेहुज्जमाँ
प्रबंधक, हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र,
डुमराँव, बक्सर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार पटना।

दिनांकः..................

विषयः– निविदा सूचना का प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूखा चारा (गेंहूँ भूसा एवं नेवारी कुट्टी) से संबंधित एक प्रति में सॉफ्ट कॉपी के साथ इस पत्र के साथ संलग्न कर विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में निविदा प्रकाशन हेतु भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इसे दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा करना चाहेंगे।

अनुलग्नकः–

1. हार्ड कॉपी 01 (एक प्रति में)
2. सॉफ्ट कॉपी

विश्वाभाजन

ह0

प्रबंधक
हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र,
डुमराँव, बक्सर।

ज्ञापांक 33 दिनांक 28.2.23

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28.2.23

प्रबंधक
हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र,
डुमराँव, बक्सर।

28.2.23

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

(पशुपालन)

कार्यालय हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमरॉव, बक्सर

निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमरॉव, बक्सर के पशुओं को खिलाने हेतु प्रतिदिन 03 क्विंटल (लगभग) सुखा चारा (1) गेहूँ भूसा (2) नेवारी कुट्टी वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए क्रय करने हेतु मोहर बन्द निविदा प्रकाशन के इक्किस (21) दिनों के अन्दर 05:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में हाथों–हाथ या डाक द्वार प्राप्त निविदा ही मान्य होगा। प्राप्त निविदा को अगले दिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्थानीय क्रय समिति द्वारा कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

1. निविदा तकनीकी एवं वित्तीय दो भाग में अलग–अलग लिफाफे में ली जाएगी। तकनीकी भाग में निविदा की योग्यता से संबंधित अभिलेख होंगे एवं वित्तीय भाग में दर का विवरण होगा। केवल उसी निविदाओं के वित्तीय भाग को खोला जायेगा जो तकनीकी रूप से योग्य पाये जाएंगे।
2. सरकार द्वारा निबंधित फर्म अथवा निबंधित दुकान का निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. निविदा के साथ आयकर रिटर्न पिछले वर्ष का देना आवश्यक होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ आधार का एवं पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति देना अनिवार्य होगा।
5. निविदा के साथ पारदर्शी थैले में 200 ग्राम मुहर बन्द नमूना देना होगा, जिससे निविदादात का नाम पता एवं तिथि अंकित होनी चाहिए।
6. अग्रधन के राशि 1000/– (एक हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट प्रबंधक, हरियाणा पशु प्रजनन पक्षेत्र, डुमरॉव के नाम से होना आवश्यक है।
7. फार्म काली सूची में दर्ज नहीं रहने से संबंधित एक स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र देना होगा।
8. एक से अधिक निविदादाताओं का एक ही दर स्वीकृत होने पर संबंधित पदाधिकारी द्वारा किसी भी निविदादाता/ आपूर्तिकर्त्ता को आपूर्ति आदेश देने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा में सभी तरह का कर एवं खर्च सन्निहित होना चाहिए।

10. माल की आपूर्ति प्रक्षेत्र के गोदाम तक पहुँचाकर करना होगा तथा माल की तौलाई एवं उठाई आपूर्तिकर्त्ता को वहन करना होगा।

11. माल नमूने के अनुसार नहीं होने पर माल नहीं ली जायेगी।

12. माल स्वीकृत दर से कम दर पर लेने का अधिकार क्रय समिति को सुरक्षित रहेगा।

13. निर्धारित समय के अन्दर आपूर्ति नहीं होने पर अग्रधन की राशि को जब्त कर लिया जायेगा।

14. चयनित निविदादाता को सूचना के आदेश निर्गत होने की तिथि से सात दिनों के अन्दर माल की आपूर्ति कर देनी होगी।

15. नये वित्तीय नियमावली के अनुसार विपत्र की राशि में से जो भी कर होगा उसे काटकर ही भुगतान किया जायेगा।

16. आपूर्तिकर्त्ता का व्यवहार एवं आपूर्ति संतोषजनक रहने पर आपसी सहमती से एक वर्ष के लिये आपूर्ति के लिये अवधि विस्तार किया जा सकता है।

17. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रहेगा।

18. निविदादाता को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय के बाद निविदा नहीं ली जायेगी।

उक्त जानकारी एवं शर्त्तो के लिए वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/ahd** पर देखा जा सकता है।

28.2.23

(डॉ मो0 फातेहुज्जमॉ)
प्रबंधक,
हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र,
डुमरॉव, बक्सर।

28.2.23